वर्ष- 3 , अंक- 52
छपरा
12 जनवरी सोमवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# मोदी बोले: सोमनाथ तोड़ने वाले इतिहास के पन्नों में सिमटे

## शिव भक्तों की भीड़, हाथों में डमरू... शौर्य यात्रा में शामिल होने के बाद सोमनाथ मंदिर में पीएम मोदी ने की पूजा









**सोमनाथ/राजकोट,एजेंसी।** गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम ने कहा कि, उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था। पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। दरअसल 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी।

पीएम ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटनें की कोशिश में लगी हुई हैं।

पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया गया।

### मोदी के संबोधन की 3 बड़ी बातें...

- **सोमनाथ का वजूद नहीं मिटा पाए :** आज उस इतिहास के बारें में कल्पना कीजिए, 1 हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया। लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुननिर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा। लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुननिर्माण करा दिया। न मंदिर नष्ट हुआ न भारत- ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के 1 हजार साल पूरे हो रहे हैं। और अब इसके पुनर्निमाण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं। लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत नष्ट हुए।
- **मजहबी कट्टरपंथी कुछ नहीं बिगाड़ पाए :** जब आक्रांता सोमनाथ पर हमला कर रहे थे, उन्हें लग रहा था कि उनकी तलवार सनातन सोमनाथ को जीत रही है। लेकिन वे मजहबी कट्टरपंथी यह नहीं समझ पाए कि जिस सोमनाथ को वे नष्ट करना चाहते थे। उसके नाम में ही सोम अर्थात अमृत से जुड़ा है। उसमें हलाहल को पीकर भी अमर रहने का विचार जुड़ा है।
- **आज भी विरोधी ताकतें मौजूद :** जिस देश के पास विरासत होती है तो वह देश उस पर गर्व करता है। लेकिन हमारे देश की आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उसी विरासत को भुला दिया। जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भी मंदिर आने से रोकने की कोशिश की गई।

# वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन: पीएम मोदी बोले- भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर

**राजकोट ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर है। 10 जनवरी को पीएम मोदी सीधे सोमनाथ पहुंचे। इसके बाद पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

पीएम मोदी ने कहा, 2026 के आरंभ के बाद ये मेरा गुजरात का पहला दौरा है और सुखद इसलिए भी है क्योंकि 2026 की मेरी यात्रा सोमनाथ दादा के चरणों में सिर झुकाकर शुरू हुई है और अब मैं राजकोट में इस शानदार कार्यक्रम में हिस्सा ले रहा हूं यानी विकास भी विरासत भी, ये मंत्र हर तरफ गूंज रहा है। 21वीं सदी का एक चौथाई हिस्सा बीत चुका है। बीते वर्षों में भारत ने बहुत तेज प्रगति भी की है और इसमें गुजरात की, आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है और जो आंकड़ें आ रहे हैं, उससे ये साफ है कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।



**भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में महंगाई नियंत्रण में है और कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा है। भारत आज दूध उत्पादन में दुनिया में नंबर वन है, वहीं जेनेरिक दवाओं और वैक्सीन निर्माण में भी भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल डेटा उपभोक्ता बन गया है। PI आज दुनिया का नंबर-1 रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन प्लेटफॉर्म है। इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। एविएशन सेक्टर में भारत तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के मामले में भी भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा, सौराष्ट्र और कच्छ गुजरात के ऐसे इलाके हैं जो हमें सिखाते हैं कि चुनौती कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अगर हम ईमानदारी और कड़ी मेहनत से लगे रहें, तो सफलता जरूर मिलती है। यह वही कच्छ है जिसने इस सदी की शुरुआत में एक विनाशकारी भूकंप का सामना किया था।

## बुजुर्ग NRI कपल को 17 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा, 15 करोड़ लूटे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में एक बुजुर्ग नॉन रेजिडेंट इंडियन (NRI) कपल को 17 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 15 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ठगों ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (TRAI) और प्रवर्तन निदेशालय (ED) का अधिकारी बताकर कहा था- आपके खाते में ब्लैक मनी है। अब उनके पैसे भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के जरिए वापस किए जाएंगे और पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है। बुजुर्ग कपल ने शनिवार को दिल्ली पुलिस में FIR दर्ज कराई। पीड़ित कपल डॉ. ओम तनेजा और उनकी पत्नी डॉ. इंदिरा तनेजा करीब 48 साल तक अमेरिका में रहे और संयुक्त राष्ट्र (UN) से जुड़े रहे। रिटायरमेंट के बाद 2015 में वे भारत लौटे थे और तब से ग्रेटर कैलाश-2 में रह रहे हैं।


## बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला, गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा सांसद शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर कथित हमले के मामले में चर्चा तेजी होती जा रही है। भाजपा की ओर से पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी पर खूब आरोप भी लगाए जा रहे हैं। इसी बीच अब अधिकारी के काफिले पर कथित हमले के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने उनके कार्यालय से रिपोर्ट मांगी है। यह जानकारी रविवार को एक भाजपा नेता ने दी। भाजपा के नेता के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी का कार्यालय घटना की पूरी जानकारी और वीडियो फुटेज तैयार कर रहा है, जिसे जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा। भाजपा नेता ने बताया कि गृह मंत्रालय ने अधिकारी पर हुए हमले की घटना के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। नेता प्रतिपक्ष का कार्यालय इसे तैयार कर रहा है और इसे जल्द ही मंत्रालय को भेज दिया जाएगा।

### दिल्ली में आरएसएस के कार्यक्रम में बोले मोहन भागवत

# संघ धीरे-धीरे विकसित हो रहा, नए रूप ले रहा है

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार (11 जनवरी) को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) बदल नहीं रहा है, बल्कि समय के साथ धीरे-धीरे विकसित हो रहा है और बस सामने आ रहा है। मोहन भागवत दिल्ली स्थित संगठन के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जहां आने वाली फिल्म शतक के गाने के एल्बम को लॉन्च किया गया। यह फिल्म आरएसएस के 100 साल के सफर की कहानी बताती है।



**संगठन विकसित होता है और नए रूप लेता है:** आरएसएस प्रमुख भागवत ने अपने संबोधन में कहा, संगठन अपनी शताब्दी मना रहा है। लेकिन जैसे-जैसे संगठन विकसित होता है और नए रूप लेता है, लोग इसे बदलते हुए देखते हैं। हालांकि यह असल में बदल नहीं रहा है बस धीरे-धीरे सामने आ रहा है। बता दें कि इस मौके पर सिंगर सुखविंदर सिंह, डायरेक्टर आशीष मल्ल, को-प्रोड्यूसर आशीष तिवारी और आरएसएस पदाधिकारी भैयाजी जोशी मौजूद रहे।

**संघ को लेकर दिया ये उदाहरण :** उन्होंने आगे कहा, जैसे एक बीज से अंकुर निकलता है और फलों और फूलों से लदा हुआ परिपक्व पेड़ का एक अलग रूप होता है, ये दोनों रूप अलग-अलग हैं। फिर भी पेड़ मूल रूप से उसी बीज जैसा है, जिससे वह उगा है।÷ भागवत ने कहा कि आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार एक जन्मजात देशभक्त थे और उन्होंने बचपन में ही अपना जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।

# ओवैसी बोले-असम मुख्यमंत्री के दिमाग में ट्यूबलाइट है, उनको संविधान की समझ नहीं है

### हिमंता बोले थे- ये हिंदू राष्ट्र, पीएम भी हिंदू ही होगा

**मुंबई,एजेंसी।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के दिमाग में ट्यूबलाइट है। उन्होंने कहा कि सरमा को संविधान की समझ नहीं है।

ओवैसी ने शनिवार को कहा था इस देश की पीएम हिजाब वाली बेटी भी हन सकती है। इसके जवाब में हिमंत ने कहा था कि संवैधानिक रूप से इसे कोई रोक नहीं है। कोई भी प्रधानमंत्री बन सकता है। लेकिन भारत एक हिंदू राष्ट है और प्रधानमंत्री हमेशा एक हिंदू व्यक्ति ही होगा। AIMIM प्रमुख ने मीडिया से बात करते हुए कहा- हिमंता ने संविधान की शपथ ली है। यह संविधान में कहां लिखा है? पाकिस्तान के संविधान में लिखा है कि सिर्फ एक समुदाय का व्यक्ति ही उस देश का PM और राष्ट्रपति बन सकता है। हमारे देश में बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान दिया। वह हिमंत बिस्वा सरमा से ज्यादा बुद्धिमान और पढ़े-लिखे थे।



### ओवैसी बोले थे- मुसलमानों से नफरत करने वाली पार्टियां ज्यादा दिन नहीं चलेंगी

असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा था कि एक दिन हिजाब पहनने वाली बेटी भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। जो पार्टियां आज देश में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने का काम कर रही हैं, उनकी दुकान अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। इसके जवाब में महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने कहा था कि ओवैसी हिंदू राष्ट्र में ऐसे बयान नहीं दे सकते हैं। जो लोग ऐसे पदों पर बैठना चाहते हैं, उन्हें अपने इस्लामिक देशों में जाना चाहिए।

## पूर्व रॉ चीफ सूद बोले-पाकिस्तान के साथ शांति संभव नहीं




- **उनके नेताओं का दावा- गैर-मुसलमानों के खिलाफ जिहाद जारी रहेगा, कश्मीर मसला उनके लिए जिहाद**

**मंगलुरु ,एजेंसी।** पूर्व रॉ प्रमुख विक्रम सूद ने शनिवार को कहा कि इस्लामाबाद के रवैये में मौलिक बदलाव के बिना पाकिस्तान के साथ शांति संभव नहीं है। बार-बार की दुश्मनी को देखते हुए उसके साथ समझौता या बातचीत करने में बहुत कम फायदा है। सूद ने मंगलुरु लिट फेस्ट में ग्लोबल पावर डायनेमिक्स पर एक सेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

सूद ने कहा कि मुझे पाकिस्तान का भारत के साथ होने वाली समस्याओं का कोई समाधान नहीं दिखता। उसके नेता खुलेआम घोषणा करते हैं कि उनका इस्लामिक राज्य है। गैर-मुसलमानों के खिलाफ जिहाद जारी रहेगा, और कश्मीर से निपटना जिहाद है। वे बस सही समय का इंतजार कर रहे हैं।

## झुग्गी-झोपड़ी मुक्त मुंबई, बिना ब्याज लोन; महायुति के घोषणापत्र में एलान



**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों से पहले रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े के साथ मिलकर बीएमसी चुनावों के लिए महायुति का संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। महायुति गठबंधन ने अपने व्यापक घोषणापत्र में BEST बसों में महिलाओं के लिए किराए में 50 प्रतिशत की छूट और शहर को बांग्लादेशी प्रवासियों से मुक्त करने का वादा किया है।

घोषणापत्र जारी करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम 5 साल बाद जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे और दिखाएंगे कि हमने क्या हासिल किया है। हम मराठियों को मुंबई छोड़ने नहीं देंगे; हम उन्हें यहीं घर देंगे। कुछ लोग सिर्फ मराठियों के घरों की बातें करते हैं, लेकिन महायुति करके दिखाती है।

## दावा- Grok पर अब AI से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी, X ने गलती मानी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलतियां स्वीकार की हैं। कंपनी ने कहा है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाएगी और भारत के कानूनों का पालन करेगी।




सरकार के सूत्रों के मुताबिक यह फैसला अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद लिया गया। प्लेटफॉर्म ने बताया कि उन्होंने 3,500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं। साथ ही 600 से अधिक अकाउंट्स भी डिलीट कर दिए गए हैं। दरअसल, शिवसेना (UBT) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को AI चैटबोट Grok के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने उसी दिन X से कहा था कि वह AI ऐप Grok से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**X ने कहा- भारत हमारे लिए बड़ा बाजार है :** X ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमारे लिए बड़ा बाजार है। कंपनी ने कहा कि वह यहां के नियमों का सम्मान करेगी। यह कदम कंटेंट मॉडरेशन को मजबूत बनाएगा।

# सबरीमाला में सोना नहीं बचा पाए तो धर्म क्या बचाएंगे, अमित शाह ने साधा केरल सरकार पर निशाना

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने पिनरई विजयन सरकार को जमकर घेरा। तिरुवनंतपुरम में एक सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह नगर निगम में भाजपा की जीत पर बात करते हुए कहा, विजय हमारा लक्ष्य नहीं है, बल्कि लक्ष्य तक पहुंचने का एक पड़ाव है। हमारा अंतिम लक्ष्य है, कमल निशान की केरल में सरकार बनाना और भाजपा का मुख्यमंत्री लाना है। इसी के साथ शाह ने केरल सरकार को सबरीमाला मंदिर में सोना चोरी मामले पर भी घेरा।

**सोना नहीं बचा पाए, वो धर्म क्या बचाएंगे :** शाह ने अपने बयान में कहा कि जो मंदिर का सोना नहीं बचा पाए, वो धर्म क्या बचाएंगे। इसी के साथ उन्होंने सीबीआई जांच की मांग भी की। शाह ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य है केरल को पूर्ण विकसित बनाना, केरल को देशविरोधी ताकतों से सुरक्षित करना और केरल में जो सदियों से आस्था की ताकत है, उसकी भी रक्षा करना है। शाह ने दावे के साथ कहा कि केरल के लोग भी मानते हैं कि यूडीएफ और एलडीएफ काम नहीं कर सकते हैं, सिर्फ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए ही यह काम कर सकती है।



**विकसित भारत का रास्ता विकसित केरल से:** अमित शाह ने अपने बयान में कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2047 तक इस देश को एक विकसित भारत बनाने का सपना देखा है। मैं आज यहां केरल के लोगों को यह बताने आया हूं कि विकसित भारत का रास्ता विकसित केरल से होकर जाता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं केरल के लोगों से अपील करने के लिए इस कार्यकर्ता सम्मेलन में आया हूं। केरल के भविष्य का रास्ता, चाहे वह विकास हो, सुरक्षा हो, या हमारी मान्यताओं की रक्षा हो, LDF या DF के जरिए हासिल नहीं किया जा सकता।

**कम्युनिस्ट पार्टियां पूरी दुनिया से गायब- शाह**

उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टियां पूरी दुनिया से गायब हो गई हैं, और कांग्रेस पार्टी पूरे देश में खत्म हो रही है। अब केरल के विकास का रास्ता सिर्फ नरेंद्र मोदी के एनडीए के साथ है। जरूरत इस बात की है कि केरल के लोगों के पास विनम्रता और एक साफ विजन के साथ जाया जाए।

**बंगाल समेत 5 राज्यों में शाह को चुनावी कमान :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति का नेतृत्व करेंगे। इसके लिए उन्होंने इन राज्यों में चुनावी दौरे भी शुरू कर दिए हैं। इन सभी चुनावी राज्यों में शाह की रणनीति बिहार के तर्ज पर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने, संगठन को सक्रिय करने और सहयोगी दलों के साथ साझा अभियान और ठोस संयुक्त रणनीति को अमली जामा पहनाने की है। इन राज्यों में भाजपा पश्चिम बंगाल में अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरेगी। जबकि तमिलनाडु, केरल और असम में सहयोगियों के साथ मैदान में उतरेगी।

# छपरा में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ता आभार व सम्मान समारोह आयोजित

## सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ताओं को छपरा विधायक छोटी कुमारी ने किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा विधानसभा क्षेत्र में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की विधायक छोटी कुमारी द्वारा भव्य कार्यकर्ता आभार व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने किया। उन्होंने ने कहा कि यह समारोह एनडीए की संगठनात्मक मजबूती, एकजुटता और जनविश्वास का प्रतीक बनकर सामने आया। कार्यक्रम में कुम्हार विधानसभा के विधायक संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक सीट की जीत नहीं है, बल्कि एनडीए की नीतियों, नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की विजय है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर जिस अनुशासन और समर्पण के साथ कार्यकर्ताओं ने कार्य किया, उसी का परिणाम आज ऐतिहासिक सफलता




के रूप में सामने आया है। उन्होंने विधायक छोटी कुमारी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि छपरा विधानसभा विकास के नए युग में प्रवेश कर चुकी है। विधायक छोटी कुमारी ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि जेडीयू, बीजेपी, लोजपा, हम और आरएलएम के हर कार्यकर्ता की मेहनत, संघर्ष और समर्पण की जीत है। उन्होंने कहा कि चुनावी मैदान में दिन-रात मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर एनडीए की विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाया, जिससे जनता का भरोसा मजबूत हुआ। छोटी कुमारी ने भरोसा दिलाया कि छपरा विधानसभा के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। सड़क, जल निकासी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरना उनकी जिम्मेदारी है और वे इसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। समारोह के दौरान एनडीए के सभी दलों के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं सम्मान प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच पर एनडीए के वरिष्ठ नेता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। आभार सभा को संबोधित करने में मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉ सी एन गुप्ता,जदयू जिलाध्यक्ष बैजनाथ सिंह विकल, लोजपा(आर) जिलाध्यक्ष रवि प्रताप राठौड़, हम जिलाध्यक्ष उज्जवल श्रीवास्तव, आर एल एम जिलाध्यक्ष अशोक कुशवाहा,भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश प्रसाद, अशोक कुमार सिंह, रामदयाल शर्मा, पूर्व प्राचार्य अरूण कुमार सिंह, शम्भू कमलाकर मिश्रा, लोक अभियोजक सर्वजीत ओझा, जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, शत्रुघ्न भक्त, विधायक प्रतिनिधि धर्मेन्द्र शाह, आदि लोगों ने सभा को संबोधित कर आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से जदयू शम्भू मांझी, कुसुम देवी,दिपक कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष जय प्रकाश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनु सिंह, जिला मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर,मीरा देवी, सुनिता कुमारी, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, बलवंत सिंह,पूर्व महामंत्री शान्तनु सिंह, प्रवक्ता प्रकाश रंजन निक्कू, मदन कुमार सिंह,सुशील कुमार सिंह, मिडिया प्रभारी शालु मिश्रा,सीअनुरंजन कुमार, धर्मेन्द्र चौहान,अनुप यादव, संस्कार कुमार, रिंकू सिंह, चन्दु कुमार सिंह, गामा सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, अनिल यादव,तेजा सिंह,चरण दास, छोटन कुमार, पिन्टू कुमार सिंह, अंकुर श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में एन डी ए कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सोनपुर पुलिस ने 2 देसी शराब भट्टी संचालक को किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस लगातार बिहार में शराबबंदी को सफल बनाने के लिए छापामारी कर रही है। छापामारी के दौरान शराब बनाने वाले, बिक्री करने वाले, शराब पीने वाले को ऊपर शिकजा कस रही है फिर भी यह धंधा बंद नहीं हो रहा है। सोनपुर पुलिस ने देसी शराब के निर्माण करने वाले 2 संचालक को परमानंदपुर बाजार से गिरफ्तार कर लिया है. इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने रविवार को बताया कि थाना क्षेत्र के परमानंदपुर के डोमवा घाट उस पार रहीमपुर दियारा क्षेत्र में बीते 31 दिसंबर को छापेमारी की गई थी जिसमे शराब भट्टी क़ो ध्वस्त किया गया था.छापामारी के दौरान शराब भट्टी संचालक परमान्दपुर के रहीमपुर गाँव के गुड्डू कुमार राय तथा शिवम कुमार पुलिस के देखते ही वहां से भाग निकला था. उक्त दोनों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी.जहाँ छापेमारी के दौरान दोनों क़ो परमान्दपुर बजार से गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि दोनों शराब कारोबारी शराब निर्माण करने के आरोप में कई बार जेल भी जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह छापामारी अनवरत चलती रहेगी।

## नाराजगी : स्वयं के नाम से भूमि के जमाबंदी नहीं होने से सैकड़ो किसान फार्मर रजिस्ट्रेशन से वंचित

### किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कैंप में पहुंच कर कराया फार्मर रजिस्ट्रेशन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सरकार ने बिहार के हर जिले सहित सोनपुर में भी किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा शुरू की गई है। अब किसान अपनी फार्मर आईडी और ई-केवाईसी गांव के कॉमन सर्विस सेंटर (ष्टस्ष्ट) पर भी बनवा सकेंगे। यह जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिनव यादव ने रविवार के पंचायत में लगे फार्मर रजिस्ट्री कैंप के निरीक्षण के दौरान दी। उन्होंने कहा कि किसान अपने गांव में ही सीएससी सेंटर पर जाकर यह सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। सरकार का उद्देश्य किसानों को डिजिटल पहचान प्रदान करना है। फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य हैं। इनमें भूमि से संबंधित दस्तावेज (स्वयं के नाम का जमाबंदी), ऑनलाइन लगान रसीद, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर शामिल हैं। रविवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की कुल 19 पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित किए गए। इन कैम्प में कुल 500 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हुई, जबकि 450 किसानों की ई-केवाईसी सफलतापूर्वक की गई। वही शनिवार क़ो 350 फार्मर रजिस्ट्री हुई जबकि 500 ई-केवाईसी सफलतापूर्वक की गयी. फार्मर आईडी किसानों की डिजिटल पहचान है, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से असानी से किसानों तक पहुंचाया जा सकेगा। इससे योजनाओं के लाभ में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।किसान अपनी फार्मर आईडी बनी है या नहीं, इसे ऑनलाइन भी जांच सकते हैं। इसके लिए उन्हें बिहार एग्रीस्टैक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा

वही दर्जनों किसानों ने बताया कि पिता, दादा के नाम से जमाबंदी होने के कारण वे लोग फार्मर रजिस्ट्री नहीं कर पाए हैं. कर्मचारियों द्वारा बताया गया है कि जिनके नाम से स्वयं जमीन हो एवं उनके नाम से जमावन्दी चल रही हो उन्हीं को फार्मर रजिस्ट्री होगा. जमाबंदी में नाम नहीं होने के कारण सैकड़ो किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित होकर निराशा घर लौट गए। किसानों को कहना है कि सरकार पहले पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर भूमि के रैयतो के वंशावली के आधार पर जमाबंदी में नाम दर्ज कराये जिससे किसान सरकारी लाभ लेने से वंचित न हो।

## धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का पूर्व मकर संक्रांति, इस दिन के बाद से होगा शुभ कार्य आरंभ

### मकर संक्रांति के दिन स्नान दान के साथ चूड़ा दही तिलकुट खाने का विशेष महत्व

**संजीत कुमार,दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** उत्तर भारत में मकर संक्रांति का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व न केवल नए साल की शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि शुभ कार्य भी आरम्भ हों जाते है. यह त्यौहार में लोगों के बीच पारंपरिक चूड़ा दही और तिल-गुड़ के आदान-प्रदान का भी अवसर होता है। यह त्योहार का सांस्कृतिक महत्व यह है कि मकर संक्रांति पर तिल और गुड़, दही चिउरा खाने की परंपरा का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। कहा जाता है कि चिउरा दही और तिल और गुड़ का सेवन जीवन में मिठास और ऊर्जा लाता है। इसलिए लोग इस दिन विशेष रूप से चूड़ा दही तिल और गुड़ की मिठाइयां बनाकर सगे सबंधी और मित्रों के यहां बांटते हैं। मकर संक्रांति भारत के प्रमुख पारंपरिक और धार्मिक पर्वों में से एक है। यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण होता है, जिसे हिंदू धर्म में शुभ और पुण्यकारी माना गया है। मकर संक्रांति हर वर्ष पूष माह के 14 जनवरी को एवं खगोलीय गणना के कारण यह 15 जनवरी को भी मनायीं जाती है। यह पर्व विशेष रूप से किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस समय रबी फसल की कटाई शुरू होती है। इसी कारण मकर संक्रांति को फसल उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है।

इस दिन लोग प्रातःकाल स्नान कर दान-पुण्य करते हैं। तिल और गुड़ का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि तिल-गुड़ का दान करने से रोग और दोष दूर होते हैं। कई स्थानों पर गंगा स्नान, पूजा-पाठ और हवन का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर तिल और गुड़, लाई, चिउरा दही, तिलकुट की बिक्री में खासा उछाल देखने को मिला है।दुकानदारों ने इस पर्व को देखते हुए सभी समानों के स्टॉक करने में जुट गए है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में सामानों की खरीद बिक्री मकर संक्रांति के लेकर चहल-पहल बढ़ गई है। दुकानदारों ने कहा कि इस साल खरीदार विशेष रूप से शुद्ध और प्रमाणित उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इतना ही नहीं ऑनलाइन समानों के बिक्री में इजाफा हुआ है। यह भी बतादे कि मकर संक्रांति केवल एक पारंपरिक त्योहार ही नहीं है, बल्कि यह व्यवसायिक दृष्टि से भी दुकानदारों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। वही गरीब तब के लोग अपने समर्थ के अनुसार से सामग्री की खरीदना शुरू कर दिया है। इस साल तिल गुड़,लाई,दही चिउरा की बिक्री में आई तेजी ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि त्योहारों के समय पर सही उत्पाद और गुणवत्ता का महत्व कितना बढ़ जाता है।

## शिक्षक विकास एवं अधिकार संघ (टीडीआरए) का गठन, कुमार मृणाभ बने अध्यक्ष

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शिक्षकों को उनके पद के अनुरूप वेतन निर्धारण, समय पर वेतन भुगतान, सेवा शर्तों में पारदर्शिता, पदोन्नति एवं प्रशिक्षण से जुड़े विषयों पर एक संगठित, प्रभावी एवं जिम्मेदार मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिक्षक विकास एवं अधिकार संघ (टीडीआरए) का गठन किया गया है। उक्त बातें नवनियुक्त अध्यक्ष कुमार मृणाभ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि यह संगठन शिक्षकों के साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव अथवा प्रशासनिक अन्याय के विरुद्ध आवाज़ बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। संगठन की कार्य दिशा, उद्देश्य एवं शिक्षकों के समक्ष मौजूद व्यावहारिक कठिनाइयों पर सारगर्भित विचार रखते हुए सभी शिक्षकों से एकजुट होकर संगठित प्रयास करने का आह्वान किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षक कुमार मृणाभ को शिक्षक विकास एवं अधिकार संघ (टीडीआरए) का अध्यक्ष चुना गया। वहीं इस दौरान शिक्षक विकास एवं अधिकार संघ (टीडीआरए) से जुड़े शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से



विश्वास जताया गया कि आने वाले दिनों में शिक्षा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर ठोस और सकारात्मक पहल किया जाएगा। साथ ही राज्य सभी जिलों के शिक्षकों से TDRA से जुड़कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपील की गई है।

टीडीआरए के गठन के दौरान उपस्थित माध्यमिक शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) अजीत अमर हरिजन ने शिक्षकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं एवं सीमाओं के संदर्भ में भी स्पष्ट जानकारी दी, जिस कारण शिक्षकों को व्यावहारिक परिस्थितियों को समझने में काफी मददगार साबित हुई। मालूम हो कि शिक्षकों के हित, अधिकार एवं व्यावसायिक विकास को एक सशक्त मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शिक्षक विकास एवं अधिकार संघ (टीडीआरए) का औपचारिक ऐलान शहर के प्रसिद्ध सेंट्रल पब्लिक स्कूल, चांदमारी रोड, छपरा में किया गया। यह संगठन विशेष रूप से बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा चयनित शिक्षकों की समस्याओं, अधिकारों एवं समग्र विकास के लिए कार्य करेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मनोज कुमार पांडेय एवं शुभांगी शानु ने किया। इस अवसर पर शिक्षक नवीन कुमार, बिनय कुमार, डॉ. पंकज कुमार सिंह, राजीव कुमार, सुनीति सिन्हा, विभूति दत्त सिंह, आशुतोष कुमार, राजेश कुमार यादव, राजन राज, रतनेश पाठक, शैलेश सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय स्मार्का कप चेस प्रतियोगिता हुआ संपन्न, प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शतरंज जीवन का आईना है, जिसमें हर चाल एक सोच का परिणाम होती है। अगर हम बचपन से ही बच्चों को इस खेल से जोड़ते हैं, तो हम उनमें रणनीतिक सोच, संयम और नेतृत्व की भावना विकसित कर सकते हैं। उक्त बातें स्मार्का कप चेस प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार वर्मा %संकल्प% ने कही। आगे उन्होंने यह भी बताया कि शहर के उदय इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर में चेसमाइंड ग्रुप द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्मार्का कप चेस प्रतियोगिता का समापन समारोह का मंच संचालन रणधीर कुमार सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरीय पत्रकार धर्मेन्द्र कुमार रस्तोगी के द्वारा किया गया।

समापन समारोह के दौरान डॉ विकाश कुमार सिंह ने कहा कि शतरंज में जैसे 'शह' और 'मात' दोनों की भूमिका अहम होती है, वैसे ही जीवन में जीत और हार दोनों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया कि आप लोग अपने बच्चों को खेल में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं टूर्नामेंट के निदेशक यशपाल सिंह ने कहा कि शतरंज सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि यह विचारों की युद्धभूमि है, जहां हर चाल सोच- समझकर चलनी होती है, ठीक वैसे ही जीवन में हर निर्णय सोच समझ कर लेनी चाहिए। हमारा उद्देश्य केवल चैंपियन खोजना नहीं है, बल्कि सोचने वाले, रणनीति बनाने वाले और धैर्य से निर्णय लेने वाले व्यक्तित्वों को गढ़ना है।

प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक राज शेखर के अनुसार बताया गया कि पहला स्थान जैफ हुसैन, दूसरा स्थान अंबर श्रीवास्तव, तीसरा स्थान रणधीर सिंह, चौथा स्थान प्रेम कुमार, पांचवा स्थान कुमार शुभम, छठा आदित्य राज, सातवां स्थान अभिनव वत्स, नवा स्थान मयंक, दसवां स्थान अपूर्व सिंह रहे। जबकि अंडर 09 में पहला स्थान रियांश गर्ग, दूसरा स्थान देवांश कुमार रहे। वहीं अंडर 15 में पहला स्थान केशव कुमार, दूसरा स्थान विवान भरद्वाज, तीसरा स्थान शौर्य आनंद रहे। जबकि बेस्ट फीमेल ट्रॉफी एंजेल को दिया गया। जबकि सांत्वना पुरस्कार के रूप में आकाश कुमार, आयुष कुमार, प्रियांशु कुमार को सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि छपरा जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार वर्मा संकल्प%, उपाध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह, टूर्नामेंट निदेशक यशपाल कुमार सिंह, वरीय पत्रकार धर्मेन्द्र रस्तोगी, उदय इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के उप- प्रधानाचार्य शुभम कुमार, आयुष कुमार, आयोजन सचिव आदित्य नंदन, संयोजक सह सीनियर नेशनल आर्बिटर कुमार शुभम, नेशनल आर्बिटर सन्नी कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर में हुआ बाबा का भव्य श्रृंगार व पूजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 की कड़ी में बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड अध्यक्ष रणवीर नंदन के सुझाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सनातन प्रेम संग सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सहभागिता क़ो लेकर बिहार के प्रशिद्ध सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ मंदिर के गर्भगृह में रविवार क़ो बाबा हरिहरनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक सुशील चंद्र शास्त्री, पवन शास्त्री, सदानंद पाण्डेय, बमबम पाण्डेय, नन्दकुमार बाबा, गुड्डा बाबा सहित अन्य पंडा पुजारी ने गर्भगृह में पहुँच कर विधि विधान के साथ सामुहिक रुद्राभिषेक और पूजन वन्दन किए. उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा हरिहरनाथ के पुजन व आरती किया। उसके पश्चात मंदिर परिसर में बाबा हरिहरनाथ मन्दिर न्यास समिति के अध्यक्ष प्रमोद मुकेश ,सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला के मौजूदगी में बढ़ती ठंड को लेकर जरूरतमंद गरीबों के बीच 201 कंबल का वितरण किया गया. कमल वितरण होने से ग़रीब लोगों ने इसके लिए मंदिर न्यास समिति के सदस्यों को बधाई दी। मंदिर के अध्यक्ष ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के माध्यम से श्रद्धालु लोग अपने इतिहास,आस्था और आत्मसम्मान को स्मरण करते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लोग ले रहे हैं। मंदिर में पूजन पाठ के साथ धार्मिक आयोजन के अलावा भी मेडिकल कैम्प व जरूरत मद लोगो क़ो सहायता भी किया जाता है। मौके पर उपस्थित रहे मंदिर न्यास समिति के उपसचिव ओमप्रकाश सिंह,सहकोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा ,समिति सदस्य प्रो चन्द्रभूषण तिवारी ,कृष्णा प्रसाद,अमित सिंह, गजेंद्र पांडे संजीव बाबा शशि बाबा विशाल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे



## गजेंद्र मोक्ष देवस्थान सोनपुर में 27 वां श्रीब्रह्मोत्सव सह श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ हेतु बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि स्थित श्रीगजेन्द्र मोक्ष देवस्थानम सोनपुर मे 27वां श्रीब्रह्मोत्सव सह श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ क़ो सफल बनाने क़ो लेकर श्रद्धालुओ का एक विशेष बैठक स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी की अध्यक्षता मे रविवार क़ो सुसम्पन्न हुआ।यह यज्ञ 27 जनवरी से लेकर 1 फरबरी तक चलेगी. स्वामी जी ने बताये कि पूर्व के बैठक मे जो यज्ञ संचालन समिति का गठन हुआ था उस पर समीक्षा की गई। और जितने भी सदस्य मनोनीत किये थे सभी सदस्यों को अलग अलग कार्य सौंपे गये। जिसमे सोहन राय को समस्त आसपास के क्षेत्रो मे यज्ञ का प्रचार प्रसार करने हेतु ध्वनि प्रचारक यंत्र सहित वाहन उपलब्ध कराया गया साथ ही चौक चौराहो पर फ्लैक्स वैनर लगाने के भी जिम्मेवारी सौपी गयी।सर्वसम्मति से विचार हुआ कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रथयात्रा जो यज्ञ स्थल से हाजीपुर प्रस्थान करेगी जो अनवरपुर गुदरी बाजार थाना रोड होते हुए पुरानी गंडक पुल से सोनपुर पुनः लौटेंगे । इस सम्बन्ध मे हाजीपुर के भक्तजन गांधी चौक पर रथयात्रा का स्वागत करेगे। भगवान के रथ के साथ भारी संख्या में श्रद्धालु वैण्ड बाजा के साथ भजन संकीर्तन करते हुए चलेगे। 27 जनवरी क़ो कलश यात्रा, 28 जनवरी श्री ब्रह्मोत्सव यज्ञ प्रारंभ, 29 जनवरी को वैष्णव सम्मेलन, 30 जनवरी को दिव्य रथ यात्रा नगर भ्रमण, जबकि 31 जनवरी को भगवान का कल्याण महोत्सव विवाह महोत्सव होगा। 1 फरवरी 2026 को दिव्य महाभिषेक महा पूर्णाहुति व भंडारा होगा. भजन और प्रवचन प्रतिदिन संध्या 4:00 बजे से 9:00 बजे रात्रि तक होगा. इस अवसर पर नेपाल एवं भारत वर्ष के प्रतिष्ठित विद्वानो एवं संतों का आगमन एवं उनके द्वारा प्रवचन होगा। इस अवसर पर अन्तरराष्ट्रीय सन्त श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज जगद्गुरुराजनारायणाचार्य जी महाराज जगद्गुरुसूर्य नारायणाचार्य जी महाराज श्री कमलनयनाचार्य जी जगद्गुरु उद्धव प्रपन्नाचार्य बसांब पीठाधीश्वर जगद्गुरु अच्युतप्रपन्नाचार्य जी महाराज का आगमन होने जा रहा है।।माधी पूर्णिमा 1 फरवरी को भगवान का अवभृथ स्नान होगा।इस अवसर पर दिलीप झा, नन्द किशोर तिवारी,मनोज मिश्रा, गोपाल झा,शिवकुमार झा, बीरेन्द्र शास्त्री, शिवनारायण शास्त्री,शैलेन्द्र सिंह,मुकेश कुमार ठाकुर सहित यज्ञ में सभी समिति सदस्य उपस्थित थे।

## सभी विद्यालयों में कक्षा 10वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियां 13 जनवरी 2026 तक रहेगी स्थगित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिले भर में लगातार बढ़ती ठंड और गिरते तापमान को देखते हुए जिलाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव ने कड़ाके की ठंड व विद्यार्थियों के सेहत को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 10वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियों को 13 जनवरी 2026 तक स्थगित करने का आदेश रविवार क़ो जारी किया है। इस आदेश के तहत आंगनबाड़ी केंद्र भी शामिल रहेंगे। वही कक्षा 11वीं एवं 12वीं की कक्षाएं सुबह 10:00 बजे से दोपहर 4:30 बजे तक पूरी सावधानी के साथ संचालित की जाएंगी, ताकि विद्यार्थियों को अत्यधिक ठंड के समय विद्यालय आने-जाने में परेशानी न हो।जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों और संबंधित संस्थानों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों को ठंड से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें और जारी निर्देशों का सहयोग करें।

## ट्रिपल मर्डर में सजायाफ्ता मुजरिम के पिता देसी शराब के साथ गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** स्थानीय थाना पुलिस ने रसूलपुर गांव स्थित हरीजन बस्ती में छापेमारी कर आठ लिटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान रसूलपुर गांव निवासी सुनील कुमार राम के रूप में हुई है जो शराब बंदी के बाद से हीं शराब के धंधे में संलिप्त बताया जाता है. बताया जाता है कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज का पुत्र अंकित व एक अन्य सुधांशु कुमार उर्फ रौशन विगत 17 जुलाई 2024 को रसूलपुर थाना क्षेत्र के धानाडीह गांव में एक पिता और उसकी दो नाबालिग बेटियों की चाकू मारकर नृशंस हत्या के मामले में सजायाफ्ता है जिन्हें अदालत ने दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और पचीस हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनायी थी. जो बीएनएस के तहत हुई पुरे देश की पहली सजा थी. इस मामले में पुलिस ने सराहनीय भूमिका निभाते हुए हत्याकांड के दो घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर महज 14 दिनों में जांच पुरी कर चार्जशीट दाखिल कर दी थी और 48 दिनों के भीतर त्वरित न्याय दिलाकर बीएनएस के तहत सजा दिलाने वाला देश का पहला जिला बनाने में अहम भूमिका निभाई थी.

## अनुभव जिंदगी का सोशल ग्रुप के वार्षिकोत्सव समारोह सह विवेकानंद जयंती की तैयारी अंतिम चरण में

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** सोमवार को मांझी के प्रसिद्ध राम घाट स्थित हनुमान वाटिका मन्दिर परिसर में आयोजित अनुभव जिंदगी का सोशल ग्रुप के वार्षिकोत्सव समारोह सह विवेकानंद जयंती की तैयारी अंतिम चरण में है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोशल समूह के अध्यक्ष रंजन शर्मा ने बताया कि नव वर्ष के मिलन समारोह में सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल तथा विधायक रणधीर सिंह एवम राजद नेता सुधांशू रंजन समेत सोशल ग्रुप से जुड़े सैकड़ों उत्कृष्ट समाजसेवियों का जुटान होगा। उन्होंने बताया कि विलुप्त हो रही सामाजिक संस्कृति को जीवंत रखने में हमारी भूमिका विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की जाएगी तथा दोपहर दो बजे के बाद सदस्य गणों के बीच पारंपरिक लिट्टी चोखा का सहभोज आयोजित किया जाएगा।

## बीएसएनएल एक्सचेंज में लाखों का केबल काटकर चोरी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** शुक्रवार की रात चोरों के द्वारा दाउदपुर बीएसएनएल एक्सचेंज में लाखों का केबल काटकर चोरी करने का प्रयास किया गया, हालांकि इसी बीच ग्रामीणों व पुलिस के पहुंचने की भनक लगते हीं चोर अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले। इस सम्बंध में बीएसएनएल में कार्यरत टीएसएम सोमनाथ यादव ने दाउदपुर थाने में एक लिखित आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि शुक्रवार की रात करीब 2 बजे आसपास के ग्रामीणों को बीएसएनएल टॉवर परिसर से कुछ गड़बड़ी होने का अहसास हुआ तो उन्होंने तुरंत डायल 112 नम्बर व दाउदपुर थाना पुलिस को फोन करके सूचना दी। सूचना मिलते हीं पुलिस मौके पर पहुंच गई और घेराबंदी कर चोरों को पकड़ने का प्रयास किया, मगर अंधेरा व कुहासा होने के कारण चोर पुलिस से बचकर भाग निकलने में सफल हो गए। उसके बाद जांच के क्रम में पाया गया कि टावर पर ऊपर से नीचे तक बीएसएनएल के मोबाइल नेटवर्क का करीब 400 मीटर केबल कई टुकड़ों में काट दिया गया है। जिसके बाद से 2जी, 3जी व 4जी का मोबाइल नेटवर्क बाधित हो गया है। इस सम्बंध में दाउदपुर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक बाइक बरामद की है, जिसकी जांच की जा रही है।

## सैकड़ों जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड के गोबरही शिव शक्ति धाम परिसर में रविवार को सैकड़ों जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मंदिर कमिटी के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह,अजय सिंह तथा शिक्षक त्रिगुणा सिंह एवम जदयू के जिला सचिव सुनील कुमार सिंह ने गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि मंदिर से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है। मौके पर अजय सिंह,विशाल कुमार सिंह,भोला यादव, राम पति राम, अखिलेश प्रसाद सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।



## मशरक में बाइक सवार दुर्घटना में सदर अस्पताल छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। बताया गया कि गंडार पुल पर बाइक में पीछे से आए स्क्रारपियो ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार मशरक के एकावना गांव निवासी बिनोद यादव, राम अयोध्या यादव और मुकेश यादव घायल हो गए। बताया गया कि तरैया से घर आ रहें थें कि गंडार में दवा खरीदने के दौरान पीछे से स्क्रारपियो ने टक्कर मार दी। जिसमें सभी घायल हो गए। इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए राम अयोध्या यादव को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## लापता बच्चे की सकुशल बरामदगी में पुलिस प्रशासन नाकाम, बारह दिन बाद शव झाड़ी से बरामद



**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।**मंद्रौली गांव से लापता ग्यारह वर्षीय बच्चे का 12 दिनों के बाद एक झाड़ी से उसका शव बरामद हुआ. थाना क्षेत्र के फीरोजपुर नगर के पास कोईरीगांव के झाड़ी में घास काटने वाली एक महिला ने बच्चे का शव देखा तो वह घबरा गई और इसकी सूचना लोगो को दिया. सूचना के बाद मढ़ौरा डीएसपी नरेश पासवान, अमनौर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई. गुम बच्चे की शव मिलने की खबर आग की तरह फैल गई. उसे देखने के लिए लोगों की हुजूम लग गई. मृतक के सर पर जख्म के निशान दिखाई दे रही है.



मालूम हो कि स्थानीय थाना क्षेत्र के मंद्रौली गांव निवासी राजन कुमार गुप्ता के एक ग्यारह वर्षीय पुत्र शिवम कुमार जो पांचवी कक्षा का छात्र था जो 31 दिसंबर को दिन में घर के बगल में खेल रहा था उसी समय लापता हो गया था. जिसको लेकर उसके पिता ने अमनौर थाने में मामला दर्ज कर पुलिस से अपने बच्चे की कुशल बरामदगी के लिए गुहार लगाया था. जबकि सोशल मीडिया पर भी लोगों ने उस बच्चे के लापता होने की खबर व उसके खोजबीन के लिए खूब वायरल भी किया था. इधर पुलिस उसे ढूढने के लिए हल एंगल से जांच कर रही थी. बावजूद पुलिस उसे सकुशल बरामद करने में नाकाम रही. इधर बच्चे की शव मिलने की खबर से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गई चीख पुकार से गांव गमगीन हो गया.

**सात बहनों के बीच वह इकलौता चिराग था** -अपहार शिवालय के पास चाय दुकान चलाकर अपने घर चलाता है राजन कुमार गुप्ता. उनके सात पुत्री के होने पर काफी मन्नते मांगने के बाद उसे एक पुत्र की प्राप्ति हुई थी. वह सात बहनों के बीच में इकलौत चिराग था.

**पुलिस की सुस्त कारवाही से लोगों में दिख रही है नाराजगी** -परिजनों व स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस अगर अच्छे से प्रयास किया होता तो बच्चा सकुशल बरामद हो सकता था. इतने दिनों से अपराधी बच्चे को छुपा कर रखे थे लेकिन पुलिस के दबिश के कारण उसकी हत्या कर झाड़ी में फेक दिए जाने की बात बतायी जा रही है.

**आक्रोशितों ने अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग किया** -इस घटना नाराज व आक्रोशित लोगों ने इसमें शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की पुलिस प्रशासन से मांग किया है.

# मूर्ति बरामद होने के बाद मंदिर परिसर में आयोजित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन समाप्त

### डीएसपी ने कहा भगवान राम और लक्ष्मण की भी मूर्ति जल्द होंगी बरामद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर के पास अवस्थित राम जानकी शिव मंदिर से चोरी गयी मूर्ति में से मां सीता की मूर्ति पुलिस के द्वारा बरामद कर लेने और मशरक डीएसपी संजय कुमार सुधांशु के द्वारा कांड का जल्द से जल्द उद्भेदन करने और भगवान राम और लक्ष्मण की मूर्ति को जल्द ही बरामद करने के आश्वासन पर आयोजित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। मौके पर धरना-प्रदर्शन कर बैठे नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, राकेश महंत, राजेश सिंह, रोहित सिंह, बिट्टू सिंह, राजकुमार सिंह समेत अन्य ग्रामीणों को आश्वासन दिया और बताया कि मां सीता की मूर्ति बरामद कर ली गई है। टीम अनुसंधान में लगीं हैं जल्द ही भगवान राम और लक्ष्मण की मूर्ति भी बरामद कर ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करने की बात बताई पर डीएसपी ने अनुसंधान पूर्ण होने तक किसी भी तरह के सम्मान से इंकार कर दिया। धरना प्रदर्शन समाप्ति के बाद अमित सिंह ने कहा कि डीएसपी के आश्वासन पर धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया है। यदि भविष्य में कांड का उद्भेदन नहीं होता है तों फिर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान समेत कई अन्य पुलिस अधिकारी समेत मुकेश कुमार सिंह,रंजन कुमार सिंह समेत अन्य कई ग्रामीण भी मौजूद रहे। आपकों बता दें कि 5 जनवरी को थाना परिसर के पास से राम जानकी शिव मंदिर परिसर में अज्ञात चोरों के द्वारा कटर से ताला काट भगवान राम, मां जानकी और लक्ष्मण की मूर्ति चोरी कर ली गई जो अष्टधातु की बेशकीमती बताई गई। घटना के बाद डीआईजी सह वरीय एसपी डॉ कुमार आशीष ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और डीएसपी संजय कुमार सुधांशु के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। मूर्ति चोरी कांड के उद्भेदन के लिए नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गए । जो कड़ाके की ठंड और शीतलहर और कुहासे में भी धरना-प्रदर्शन में डटे हैं। पुलिस ने मुजफ्फरपुर देवरिया थाना क्षेत्र के धरफरी मल्लाह टोला में स्थानीय थाने के सहयोग से छापेमारी कर एक मूर्ति बरामद कर ली। मां सीता की प्रतिमा की तलाश की जा रही है। देवरिया धानाध्यक्ष मनोज कुमार साह ने बताया कि सारण पुलिस ने धरफरी मल्लाह टोला निवासी राजन सहनी के घर में रखे एक बक्से से श्रीराम की मूर्ति बरामद की। इस छापेमारी का नेतृत्व मशरक के डीएसपी संजय कुमार सुधांशु कर रहे थे। चोरी के आरोपित धरफरी के राजन सहनी, सोनू सहनी व डेला सहनी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। मूर्ति चोरी के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। वहीं सारण पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।



युवा दिवस विशेष

## ध्यान एवं सघर्ष शक्ति तथा कर्म से भाग्य की उत्पति होती है:राजन कुमार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भारत ब्रिटिश हुकुमत की गुलामी का दंश झेल रहा था। उसी समय 12 जनवरी 1863 को पिता विश्वनाथ दत्त एवं माता भुनेश्वरी देवी के पुत्र के रूप में नरेंन्द्रनाथ दत्त का अवतार हुआ। नरेंद्र बचपन से ही जो कुछ देखते उसके महत्व को समझने का प्रयास करते थे। उन्होंने देखा कि लोग अपने सभी कष्टो के निवारण के लिए ईश्वर एवं भाग्य के भरोसे बैठे हुए है। नरेंद्रनाथ दत्त में ईश्वर से मिलने की इच्छा जागृत हुआ और वे ईश्वर की तलाश करने लगे तथा नवम्बर 1881 में कलकत्ता के दक्षिणेश्वर काली मंदिर में आध्यात्मिक गुरु रामकृष्ण परमहंस से मिलने के बाद जहाँ उनको अपने प्रश्नों के उत्तर के साथ ईश्वर से मिलने के जिज्ञासा भी पूर्ण होते दिखा, इसलिए उन्होंने स्वामी रामकृष्ण परमहंस को अपना गुरु स्वीकार कर लिए। नरेंद्रनाथ दत्त वेदांत एवं अध्यात्म से जुड़कर स्वयं की सारी उझलनो को सुलझाने के साथ विश्व पटल पर स्वयं को स्वामी विवेकानंद के नाम स्थापित कर लिया। स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन आध्यात्मिकता, मानवता, शिक्षा और राष्ट्रवाद का संगम है, जो अद्वैत वेदांत एवं योग पर आधारित है, जहाँ वे हर व्यक्ति में ईश्वर को देखते थे और मानते थे कि दरिद्र नारायण की सेवा ही सच्ची ईश्वर-सेवा है। जिससे युवाओं को चरित्र-निर्माण, शारीरिक बल और सच्ची शिक्षा के माध्यम से भारत के उत्थान के लिए प्रेरित किया जाए । उनके दर्शन में उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत% का नारा गूंजता है। जो भारत को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक रूप से सशक्त बनाने का संदेश देता है। उन्होंने वेदांत एवं योग के भारतीय दर्शन को पश्चिमी दुनिया में प्रसारित किया तथा 11 सितंबर 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में ÷अमेरिकी भाइयों और बहनों÷ कहकर संबोधित करते हुए वैश्विक ख्याति प्राप्त की तथा रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की स्थापना कर भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रवाद को आध्यात्मिक आधार दिया।

स्वामी विवेकानंद नाम ही स्वयं एक बहुत बड़ा दर्शन है अर्थात् इन्द्रियों पर स्वामित्व प्राप्ति के साथ अपने कर्म को विवेक से करने के बाद ही आनंद की प्राप्ति संभव है, यह उनके नाम का ही दर्शन है और इन्द्रियों पर स्वामित्व प्राप्ति के लिए ध्यान प्राथमिक आवश्यकता है। स्वामी जी ने अपने ध्यान तथा इसकी पद्धती पुस्तक में बताया है कि ध्यान वह बल है जो प्राकृतिक दास्ता का प्रतिरोध करने का सामर्थ देता है अर्थात् कर्म के समय विकर्षण/विचलन को ध्यान के माध्यम से देखकर बचा जा सकता है। उनका मानना था कि ध्यान एवं सघर्ष से शक्ति तथा कर्म से भाग्य की उत्पति होती है। स्वामी जी का जीवन दर्शन भारत के युवाओं को ध्यान, सघर्ष से शक्ति प्राप्त कर सेवा के लिए प्रेरित करता है। स्वामी जी की चार प्रमुख शिक्षाएं आत्म-विश्वास (खुद पर भरोसा), सेवा (मानव सेवा ही ईश्वर सेवा), शिक्षा का उद्देश्य (चरित्र निर्माण और मस्तिष्क का विकास, केवल तथ्य रटना नहीं), और निडरता (साहस और दृढ़ संकल्प) है।

राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को महान आध्यात्मिक नेता, दार्शनिक और विचारक स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया जाता है। उनका युवाओं की क्षमता में अटूट विश्वास देश के युवा नागरिकों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। वेदांत एवं अध्यात्म के साथ आधुनिकता का मिश्रण ही भारत के युवाओं का वर्तमान एवं भविष्य सुरक्षित कर सकता है। इनके जीवन महत्त्व का विचार करते हुए ही भारत सरकार ने घोषणा की कि सन 1984 से 12 जनवरी यानी स्वामी विवेकानन्द जन्मदिवस (जयन्ती) का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में सर्वत्र मनाया जाय।

## टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन, निजाम इलेवन मदारपुर बनी विजेता

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के कवलपुरा गाँव में आयोजित देवनन्दन सिंह मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया, जो रोमांच, उत्साह और खेल भावना से भरपूर रहा। फाइनल मैच का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान अतिथियों ने मैदान पर उतरकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके खेल की सराहना की।मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि इससे युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक ऊर्जा का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजन युवाओं को नशा, अपराध और भटकाव से दूर रखकर खेल की ओर प्रेरित करते हैं। अतिथियों ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों को हार्दिक बधाई दी और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फाइनल मुकाबला सिवान जिले की दो मजबूत टीमों निजाम इलेवन मदारपुर और बसंतपुर के बीच खेला गया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए बसंतपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 155 रन बनाए और निजाम इलेवन के सामने जीत के लिए 156 रनों का लक्ष्य रखा। बसंतपुर के बल्लेबाजों ने संयमित और आक्रामक खेल का मिश्रण दिखाया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी निजाम इलेवन मदारपुर की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। टीम के बल्लेबाजों ने शानदार शॉट्स लगाते हुए बसंतपुर के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। अंततः निजाम इलेवन ने महज 16.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए राजा कुमार (निजाम इलेवन) को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल और नेतृत्व क्षमता दिखाने वाले कप्तान पंपोस को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था।मैच का आंखों देखा हाल कॉमेंटेटर अभिषेक कुमार ने अपने रोचक अंदाज में सुनाया, वहीं अंपायर की भूमिका श्रीकांत सिंह और भानु प्रताप ने निष्पक्षता के साथ निभाई। टूर्नामेंट के आयोजक मकरध्वज सिंह और विभु सिंह रहे, जिनके नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में निरंजन सिंह, मोहित सिंह और अभिषेक सिंह का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, गोपालगंज विधायक सुबास सिंह, पैक्स अध्यक्ष मुन्ना सिंह और कवलपुरा के सरपंच अनिल सिंह मौजूद रहे। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में डटे रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

फाइनल मुकाबले के साथ ही देवनन्दन सिंह मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन उत्साहपूर्ण और यादगार माहौल में हुआ, जिसने ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को नई पहचान देने का काम किया।

## मूर्ति चोरी कांड में राम-जानकी शिव मंदिर में पहुंचे महाराजगंज सांसद, ग्रामीणों ने सौंपा मांग पत्र

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर से सटे राम जानकी शिव मंदिर में मूर्ति चोरी कांड की खबर पर महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने रविवार को मंदिर परिसर में पहुंच चोरी की घटना की जानकारी ली। मौके पर भाजपा नेता राकेश महंत, बीरबल प्रसाद कुशवाहा, रंजन कुमार सिंह, सुनील सिंह, नंदन बाबा, कुमार रजनीश उर्फ झुन्ना पांडेय समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मंदिर परिसर में पहुंच पुजारी टुन्ना बाबा से मुलाकात की और मूर्ति चोरी की घटना से जुड़े मामलों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने मंदिर कमेंटी पर मंदिर विकास में जबरदस्त धांधली का आरोप लगाया। मंदिर के जमीन पर दबंगों के द्वारा कब्जा कर लेने की बात बताई। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि मंदिर में कई एकड़ जमीन दान में मिली हैं जिस पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। मंदिर की कमेंटी निष्क्रिय हालत में पड़ी हुई है। लोगों ने मंदिर को बिहार न्यास बोर्ड के हवाले करने और मंदिर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा मंदिर के हवाले करने की मांग की। ग्रामीणों ने एक मंदिर के विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। सांसद ने मीडिया से बातचीत में बताया गया आस्था पर चोरी एक जघन्य पाप और अपराध है, इससे जुड़े अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ग्रामीणों के द्वारा मंदिर के विकास और मंदिर में दान स्वरूप मिले जमीन पर अतिक्रमण और कुछ दबंगों के द्वारा कब्जा कर लेने पर उन्होंने इस मुद्दे पर लिखित आवेदन डीएम को देने की बात बताई।



## सिताबदियारा के रामनगर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न, सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के संकल्प के साथ, सिताबदियारा के रामनगर गांव में एक दिवसीय विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर रोट्रैक्ट क्लब ऑफ सारण सिटी, रोटरी क्लब ऑफ सारण एवं अखंड ज्योति नेत्र अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व सैनिक अरविंद सिंह का विशेष सहयोग रहा। शिविर के दौरान अखंड ज्योति नेत्र अस्पताल की मेडिकल टीम द्वारा बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों की आंखों की सूक्ष्मता से जांच की गई। जांच के उपरांत जरूरतमंद मरीजों के बीच निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। विशेषज्ञों ने मोतियाबिंद और आंखों की अन्य बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। शिविर को सफल बनाने में रोट्रैक्ट क्लब के अध्यक्ष सैनिक कुमार, पूर्व अध्यक्ष इरशाद अंसारी, निशांत पांडेय और आलोक कुमार सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही रोटरी सारण के अध्यक्ष महेश कुमार, मदन कुमार, प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, पूर्व सैनिक एवं समाजसेवी अरविंद सिंह, समाजसेवी भोला सिंह एवं मुखिया अजीत सिंह सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।?अखंड ज्योति अस्पताल की टीम के तकनीकी सहयोग की सराहना करते हुए आयोजकों ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।




## एनएच किनारे बना गड्ढा दुर्घटनाओं को दे रहा न्योता

देवेन्द्र कुमार सिंह।

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** रसूलपुर-चैनपुर पथ एसएच-25 और छपरा-सीवान मुख्य मार्ग एनएच-531पर मिलने वाले रसूलपुर चट्टी स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक के बीचोंबीच बना गड्ढा दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है. एनएच द्वारा सड़क के दोनों किनारे जलनिकासी के लिए बनाया गया विशाल नाले का स्लैब विगत एक सप्ताह से ध्वस्त होकर गड्ढे में तब्दील हो गया है जिससे खतरे की आशंका प्रबल हो गयी है. स्थानीय व्यवसायी राजू प्रसाद ने पास हीं में रखे पुलिस लिखे ड्रम उस जानलेवा गड्ढे पर रखकर लाल झंडी लगा दी है जिससे आने-जाने वाले वाहन चालक सतर्क हो सके, हालांकि यह गड्ढा दिन प्रतिदिन बढ़ता हीं जा रहा है जिसका मरम्मत व निर्माण सड़क निर्माण कंपनी द्वारा हीं संभव है पर सड़क निर्माण कंपनी की नजर अबतक इस ध्वस्त नाले की स्लैब पर नहीं पड़ी. चौक के बीचोंबीच बने इस गड्ढे के कारण भारी वाहनों के घुमाने में जहां चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं कई बार भीषण जाम की भी स्थिति बन जा रही है और लोगों को घंटों तक जाम से रूबरू होना पड़ रहा है.



## धर्मनाथ मंदिर से मां दुर्गा का आभूषण चोरी के बाद समाज सेविका ने भेट किया पांच थान गहना

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महाराणा प्रताप चौंक निवासी प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सीता राम पांडेय की पुत्री कविता सिंह ने छपरा शहर के प्रसिद्ध धर्मनाथ मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा को 5 थान सोने का ज्वेलरी भेट किया है। आपको बता दें कि बीते 22 दिसंबर 2025 को छपरा शहर के प्रसिद्ध बाबा धर्मनाथ धनी मंदिर से चोरी के बाद वहां स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा सूनी-सूनी सी लग रही थी। एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी चोरी का आभूषण बरामद नहीं हो पाया और यह बात छपरा शहर के भगवान बाजार निवासी छपरा सदर अस्पताल के पूर्व अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एसडी सिंह की धर्मपत्नी समाजसेविका कविता सिंह को खटक रही थी। जिसके बाद उन्होंने यह निर्णय लिया कि मां का श्रृंगार जरूर सजेगा और उन्होंने पांच थान ज्वेलरी मां दुर्गा के लिए उस मंदिर की पुजारी को भेंट किया। तदुपरांत उन्होंने कहा कि आभूषण के बिना मां का सिंगार सूना-सूना लग रहा था। जिसके बाद उन्होंने मां के चरणों में सोने का मंगलसूत्र, मांगटीका, कान का टॉप्स, बिंदिया एवं नथिया अर्पित किया है। उन्होंने कहा कि मातारानी की असीम अनुकंपा से ही सब कुछ संभव हुआ है। मां के दिए गए आशीर्वाद में से ही उनके द्वारा मातारानी के श्री चरणों में एक छोटा सा अंश अर्पित किया गया है। आपको बता दें कि कविता सिंह जिले में महिलाओं की सहायता व उनके उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

## सीवान - अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न चौक-चौराहों पर रविवार को जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कप मच गया। बाइक चालक पुलिस से बचने के लिए किसी तरह बच कर भागते हुए देखे गए। अभियान शहर के पी देवी मोड़, बबुनिया मोड़, स्टेशन रोड, पचरुखी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालगंज मोड़, महादेवा थाना क्षेत्र, हुसैनगंज, गुठनी, मैरवा, नौतन सहित अन्य जगहों पर विशेष रूप से चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों के कागजात, चालकों के हेलमेट, डिक्की की जांच हुई। वाहन चालकों से यातायात नियम पालन करने की अपील की गई। चेकिंग के दौरान कई बाइक चालकों बीना कागजात, बीना हेलमेट के बाइक चलाते पकड़ा गया। सभी से जुर्माना राशि लेकर व कड़ी चेतावनी देकर छोड़ा गया। पुलिस की ट्रीपल लोडिंग चलने वाले बाइकर्स पर नजर है।

## शराब पीने और बेचने के आरोप में छह गिरफ्तार

**सिवान ।** उत्पाद विभाग की टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से शराब पीने और बेचने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई है। शराब पीने और बेचने के आरोप में छह लोगों को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

## पचरुखी बाजार से गायब नवजात बच्ची का शव बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान।** पचरूखी थाना क्षेत्र के पचरुखी बाजार स्थित एक घर से शनिवार की देर शाम गायब नवजात बच्ची का शव रविवार की अलसुबह बाजार से स्थानीय लोगों ने बरामद किया। नवजात बच्ची का शव मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। हालांकि स्वजन किसी पर शिकायत करने से इन्कार कर शव को अपने साथ लेकर चले गए। मृत नवजात बच्ची पचरूखी बाजार निवासी विक्की कुमार की पांच दिन की पुत्री थी। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार विक्की कुमार की नवजात बच्ची घर पर थी। इसी दौरान शनिवार की देर शाम वह गायब हो गई। स्वजनों ने काफी खोजबीन करने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने भी जांच शुरू की। रात भर बच्ची की खोज की गई लेकिन वह कही भी नहीं मिली। रविवार की सुबह बाजार से ही बच्ची का शव बरामद हुआ। इस संबंध में पचरूखी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पांच दिन की बच्ची शनिवार की शाम से गायब थी। रविवार की सुबह उसका शव बरामद हुआ। स्वजनों ने आवेदन देने से इन्कार कर दिया है।

## संत मिशन इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ई. राजा राम दास को मिला बिहार गौरव अवार्ड

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के सभागार में स्र्ष्ट जर्नलिस्ट फोरम के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक भव्य अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के उद्घाटनकर्ता सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद,मुख्य अतिथि मॉरीशस के पूर्व उप प्रधानमंत्री की पत्नी डॉक्टर सरिता बुद्धू, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ, शार्क जर्नलिस्ट फॉर्म इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष नेपाल से राजू लामा, जनरलिस्ट फ़ोरम इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय महासचिव बांग्लादेश से अब्दुल रहमान, पद्मश्री डॉ जे के सिंह पदम श्री विमल जैन, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर के सी सिन्हा एवं मुख्य संयोजक मानवाधिकार टुडे के संपादक एवं सार्क जर्नलिस्ट फोरम बिहार के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण कुमार उपस्थित थे।इस अवसर पर समाज सेवा, तकनीकी क्षेत्र एवं शिक्षविद सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए संत मिशन इंटरनेशनल स्कूल परसा के निदेशक ई. राजा राम दास को ÷बिहार गौरव अवार्ड÷ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए पत्रकार, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। सम्मान प्रदान करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ई. राजा राम दास ने अपने कार्यों से बिहार का मान बढ़ाया है तथा युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हैं। अपने संबोधन में ई. राजा राम दास ने इस सम्मान के लिए स्र्ष्ट जर्नलिस्ट फोरम एवं नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति और पहचान की आत्मा है, इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मॉल से बाइक की चोरी

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के रामराज्य मोड़ स्थिति एक माल के सामने से चोरों ने एक बाइक की चोरी कर ली। पीड़ित बाइक मलिक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी रामबाबू राम हैं। मामले में पीड़ित ने बताया कि मैं समान की खरीदारी करने के लिए माल में आया था। जहां समान की खरीदारी के लिए बाइक लगा कर चला गया। वापस आया तो बाइक नही थी। काफी खोज बिन के वावजूद भी बाइक नही मिली। जहां अज्ञात चोर के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।-

## शराब पीने और बेचने के आरोप में छह गिरफ्तार

**सिवान ।** उत्पाद विभाग की टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से शराब पीने और बेचने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई है। शराब पीने और बेचने के आरोप में छह लोगों को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

## अज्ञात चोरों ने कर ली भैंस की चोरी

**लकड़ी नवीगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के परौली साह टोला से शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने अनोज सिंह के दरवाजे पर बंधी भैंस की चोरी कर ली। पशुपालक ने चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई जब उनकी भैंस गायब मिलीं। चोरी की घटना से पशुपालकों में भय व्याप्त है।

# एक मार्च को जनता बाजार में ढोढ़नाथ महोत्सव मनाएगा

**दैनिक खोज खबर/ लहलादपुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय जनता बाजार पर भोजपुरी भारती संस्था द्वारा ढोढ़नाथ महोत्सव आगामी 1 मार्च को मनाने का निर्णय लिया गया। जनता बाजार के एक नीजी विद्यालय के प्रांगण में रविवार को भोजपुरी भारती संस्था की बैठक हुई। इस अवसर पर ढोढ़नाथ मंदिर तथा ढोढ़स्थान क्षेत्र के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को पुनः स्थापित करने हेतु स्थानीय लोगों का वर्षो से प्रयास है। इस उद्देश्य से गुरुचरण प्रसाद गुरु के अध्यक्षता में तथा डा0 दिनेश कुशवाहा के नेतृत्व में बैठक किया गया। अभिषेक भोजपुरिया ने बताया कि ढोढ़नाथ महोत्सव में कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चर्चा परिचर्चा, नाटक समेत अन्य कलाओं के समाहित कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया गया। महोत्सव के आयोजन को लेकर विभिन्न विषय पर लोगों का सुझाव आया। इसमें बैठक में शामिल होने वाले लोगों में डॉ0 दिनेश कुशवाहा, राजबल सिंह कुशवाहा, अजीत कुशवाहा, वीरेन्द्र मिश्र अभय, अभिषेक भोजपुरिया, रामाशीष यादव, सुशील प्रसाद, राजेश प्रसाद रंगकर्मी, मूंगालाल शास्त्री, डॉ0 कुमार कौशल, निर्भय कुमार, अखिलेश कुमार, राम विनायक, सोनु कुमार, रामराज कुशवाहा, इंद्रजीत, सुमन प्रसाद, हेमंत कुमार, संतोष कुमार, सुजीत कुमार, शहनवाज, दीवाकर उपाध्याय, अरविन्द श्रीवास्तव, अजय सहनी, सुनेश्वर प्रसाद निर्भय आदि उपस्थित रहे।



## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के पुरानी बाजार स्थित रविवार की सुबह स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पुरानी बाजार, पश्चिम टोला, काली मंदिर परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां स्वामी विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा यात्रा में डा. जितेंद्र कुमार यादव, डा. सुमन कुमार, डां. केशव कुमार गुप्ता, डां. तुफैल अंसारी, डां. सन्ना फिरदौस, नेहा कुमारी, द्वारा क्षेत्र के मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया।

## दो बाइक की टक्कर तीन घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर सिसवन ढाला के समीप रविवार की सुबह दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान सराय थाना क्षेत्र के एममम कालोनी निवासी एजाज आलम व रिंकू आलम के रूप में हुई ह। दोनों एक बाइक पर सवार होकर किसी काम से शहर आए थे। घर लौटने के दौरान ये घटना हुइ है। दोनों का इलाज चल रहा है।

## हुसैनगंज के नए थानाध्यक्ष ने किया योगदान

**हुसैनगंज(सिवान)।** रविवार को मोहन प्रसाद सिंह ने हुसैनगंज के नए थानाध्यक्ष के रूप में योगदान किाय। इसके पूर्व वे जिला मुख्यालय में पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम मेरी प्राथमिकता अपराध पर पूर्ण नियंत्रण एवं शराब धंधेबाजों पर नकेल कसना है। योगदान करने के बाद थानाध्यक्ष ने कई महत्वपूर्ण फाइलों का अवलोकन किया।

## शार्ट सर्किट से बथान में लगी आग, 60 हजार की संपत्ति जलकर राख, मवेशी भी झुलसी

**दारौंदा (सिवान)।** दारौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा गांव में शनिवार की रात बिजली के शार्ट सर्किट से बथान में आग लग गई। इस हादसे में बथान में बंधी एक गाय झुलस गई, जबकि कपड़े, फर्नीचर और कृषि यंत्र समेत करीब 60 हजार रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बगौरा निवासी धनजी कुशवाहा के बथान में शनिवार की रात करीब 10ः30 बजे अचानक बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बथान में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों में बथान में बंधी एक गाय भी झुलस गई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बाल्टी, पंप और अन्य साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## शराब बरामदगी मामले में फरार चल रहा धंधेबाज गिरफ्तार

**सीवान।** आसांव थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में छापेमारी कर एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार साह ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान शंकरपुर गांव निवासी श्यामू पंडित के रूप में हुई है। गिरफ्तार धंधेबाज के पास पूर्व में शराब बरामद की गई थी ।

## मैरवा : ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार मैकेनिक

### रईस अंसारी की मौत, सड़क जाम कर जताया विरोध

**परवेज अख्तर/सीवान।** मैरवा-सिवान हाईवे के लक्ष्मीपुर ओवर ब्रिज पर रविवार को एक बाइक सवार एसी मैकेनिक की ट्रक की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतक की पहचान दरौली थाना क्षेत्र के मुरैड़ा गांव निवासी हफीज अंसारी के पुत्र रईस अंसारी (27 वर्ष) के रूप में हुई। वह अपने भतीजे के साथ बाइक से सिवान काम करने जा रहा था। इसी दौरान बालू लदे ट्रक की चपेट में आ गया। घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया करीब दो घंटे तक सड़क दम रहने के बाद स्थानीय पुलिस व अधिकारियों के समझाने के बाद जाम समाप्त हुआ।जानकारी के अनुसार दरौली थाना क्षेत्र के हफीज अंसारी का पुत्र रईस अंसारी अपने भतीजा शहाबुद्दीन अंसारी के साथ सिवान एसी मैकेनिक का काम करने जा रहा था। उसके साथ गांव का एक अन्य युवक दूसरी बाइक से सिवान जा रहे थे। इसी दौरान लक्ष्मीपुर ओवर ब्रिज पर सामने से आ रहे बालू लदे ट्रक से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक दूर जाकर गिरी। बाइक चालक रईस अंसारी का हेलमेट हवा में उछाल कर दूसरी तरफ जाकर गिरा,लेकिन वह ट्रक में फंसकर घसीटता रहा। उसका शव क्षत विक्षत हो गया, उसी बाइक पर पीछे बैठा मृत रईस क का भतीजा शहाबुद्दीन बाइक से गिर गया और उसे हल्की चोट आई। उस समय घना कोहरा और ठंड की स्थिति थी। आसपास मौजूद लोगों ने ट्रक को रोकने की कोशिश की तो चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। उधर मृतक के भतीजा की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। वहीं पीछे से बाइक से आ रहे हैं उसके साथी ने जब रईस का शव देखा तो उनके होश उड़ गए, वे दहाड़े मारकर रोने लगे। दुर्घटना की जानकारी होते ही राजद प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत यादव के अलावा भाकपा माले कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राहुल कुमार और अंचलाधिकारी राहुल कुमार दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए। इस दौरान मृतक के स्वजन भी वहां पहुंच गए। बदहवास मृत रईस की मां की चीत्कार सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखे छलक पड़ीं। लोग उन्हें सांत्वना देकर समझने की कोशिश में जुट गए।

## बाइक से गिरकर वृद्ध व्यक्ति घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मांझी रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर बाइक से गिरकर एक वृद्ध घायल हो गया। घायल व्यक्ति ग्यासपुर गांव निवासी सहदेव सिंह के पुत्र शिवाजी सिंह है। वह प्रखंड मुख्यालय से घर लौट रहे थे तभी बाइक से गिर कर घायल हो गए। उनका इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में चल रहा है।

# मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना देश की वैचारिक विरासत पर चोट

**सिवान।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के नियमों में संशोधन कर उससे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के निर्णय के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने कड़ा एतराज जाहिर किया है। पार्टी के शीर्ष निर्णयों के आलोक में मनरेगा बचाओ संघर्ष कार्यक्रम के तहत रविवार को कांग्रेसजनों ने एकदिवसीय उपवास रखकर विरोध जताया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करे हुए जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने केंद्र सरकार के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना केवल एक नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि देश की वैचारित विरासत पर गहरा चोट है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार देश को कमजोर करने का काम कर रही है। वहीं किसान कांग्रेस के राज्य सचिव अशोक कुमार सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम के साथ-साथ इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी के दौर में शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बदले जाना देशहित के खिलाफ है। प्रदेश कमिटी सदस्य प्रेमचंद सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि डा. के एहतेशाम नेताओं, शशि कुमार सहित अन्य नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ग्रामीण रोजगार, मजदूरों के अधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर लगातार उपेक्षा कर रही है। मनरेगा जैसी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इससे जुड़ी किसी भी तरह के छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ने बताया कि 10 जनवरी से 28 फरवरी तक आंदोलन का शंखनाद किया गया है। इस कड़ी में कार्यकर्ता गांव-गांव से लेकर गलियों तक जाएंगे। वहीं 29 से 31 जनवरी तक प्रखंडों व वार्डो में धरना का आयोजन किया जाएगा। जबकि पांच फरवरी को वृहत स्तर पर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर कांग्रेस नेता विश्वनाथ यादव, रमेश उपाध्याय, पूनम सिंह, संजू देवी, विनय शंकर उपाध्याय, मो. हक, हाफिज जुबैर, इरफान अहमद, जवाहर राम, मेराज अहमद सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## सिवान जंक्शन होकर गुजरने वाली छह ट्रेनें निरस्त

**परवेज अख्तर/सीवान।** ठंड की वजह से ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो गई है। इस कारण ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनों की देरी से चलने के कारण यात्रा शुरू करने और समाप्त करने वाले यात्रियों को जंक्शन पर ठंड में घंटों ठिठुरना पड़ रहा है। रविवार को आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां घंटों विलंब से जंक्शन पहुंची। वैशाली सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनें दो से दस घंटे लेट चलीं। वहीं जंक्शन होकर गुजरने वाली करीब छह ट्रेनें निरस्त रही। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल सात घंटे 44 मिनट, 15566 वैशाली एक्सप्रेस दो घंटे 33 मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल पांच घंटे बीस मिनट, 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस एक घंटे, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल दो घंटे 44 मिनट, 14691 मोर ध्वज एक्सप्रेस चार घंटे 34 मिनट, 13020 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे, 13019 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे 51 मिनट,15027 मौर्य एक्सप्रेस तीन घंटे 37 मिनट, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल छह घंटे 50 मिनट, 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस एक घंटे 45 मिनट, 12566 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस चार घंटे 18 मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी विलंब से चलीं। जिसे यात्रियों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ा।

## सीवान के अलग-अलग जगहों से शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के रामपुर वार्ड नंबर 11 स्थित एक मकान व जामो बाजार थाना क्षेत्र के डुमरी पूरब टोला स्थित एक घर से शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम द्वारा शनिवार की शाम गुप्त सूचना के आधार पर पहली छापेमारी भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के रामपुर वार्ड नंबर 11 स्थित एक घर में की गई। जहां सअनि पिंटू कुमार ने पुलिस बल के साथ घर के आंगन से 31.530 लीटर विदेसी शराब के साथ एक तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर उक्त मोहल्ला निवासी केशव कुमार गुप्ता है। अधीक्षक ने बताया कि तस्कर से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं उनकी निशानदेही पर छापेमारी हो रही है। बताया कि दूसरी छापेमारी शनिवार को जामो बाजार थाना क्षेत्र के डूमरी पूरब टोला स्थित एक घर में की गई थी जहां उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सह थानाध्यक्ष कमलेश पंडित ने अपनी टीम के साथ घर के छत से 45.180 लीटर विदेसी शराब को बरामद किया गया। इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उक्त मोहल्ला निवासी अशोक दुबे है।

